भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3210

(दिनांक 12.07.2019 को उत्तर देने के लिए)

दूरदर्शन/एफएम ट्रांसमिशन

3210. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अब तक दूरदर्शन नेटवर्क के अंतर्गत गुजरात सहित देश में कितने प्रतिशत लोगों और क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है तथा इसके क्या कारण हैं तथा उक्त क्षेत्रों के राज्य-वार नाम क्या हैं;

(ख) सरकार द्वारा उक्त क्षेत्रों को दूरदर्शन नेटवर्क के अंतर्गत शामिल करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने गुजरात में दाहोद जिले में एफएम रेडियो सेवाएं शुरू करने के लिए कोई प्रयास किया है तथा यदि हां, तो किए गए प्रयासों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने गुजरात में दाहोद जिले में एफएम रेडियो सेवाएं शुरू करने के लिए निविदा आमंत्रित की है;

(ङ) क्या सरकार को गुजरात में अमरेली जिले में अधिष्ठापित एफएम ट्रांसमीटर के प्रतिस्थापना हेतु कोई निवेदन प्राप्त हुआ है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त अधिष्ठापित एफएम ट्रांसमीटर को उच्चतर क्षमता वाले ट्रांसमीटर से कब तक बदले जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री

(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): दूरदर्शन अपनी फ्री-टू-एअर डीटीएच सेवा 'डीडी फ्री डिश' के माध्यम से गुजरात सहित पूरे देश में बहु-चैनल टीवी कवरेज प्रदान करता है। अच्छी गुणवत्ता वाले डीटीएच सिग्नल गुजरात सहित देश में कहीं भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

(ग) और (घ) दाहोद सहित 100 स्थानों पर 100 वाट वाले एफएम ट्रांसमीटर स्थापित करने की एक परियोजना को अनुमोदित किया गया है।

(ङ) और (च): अमरेली में 100 वाट का एफएम ट्रांसमीटर प्रचालन में है। वर्तमान में, उच्चतर शक्ति वाले ट्रांसमीटर के साथ इसके प्रतिस्थापन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****